प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

हिंदी विभाग, श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, श्री आनंदपुर साहिब द्वारा दिनांक 30 अक्टूबर 2018 को कॉलेज में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इस प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में **हिंदी की वर्तमान स्थिति** से संबंधित नये दृष्टिकोणों को उभारना रहा। प्रतियोगिता का विषय **हिंदी की वर्तमान स्थिति** रहा। प्रतियोगिता में हिंदी विभाग के समस्त विद्यार्थियों ने भाग लिया। पूर्ण प्रतियोगिता को तीन चरणों में विभाजित किया गया था और इस प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक संचालन विभाग की प्रोफेसर सुरिंदर सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. जसवीर सिंह ने शिरकत की। प्रतियोगिता के अंत में विभागाध्यक्ष डॉ. मलकीत सिंह द्वारा इस सफल आयोजन के लिए विभाग के विद्यार्थियों एवं प्रोफेसर का धन्यवाद किया गया और मुख्य अतिथि के रूप में पधारे कॉलेज के प्रिंसिपल महोदय का उनके सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया गया। प्रतियोगिता का अंत प्रिंसिपल के अध्यक्षीय भाषण एवं पुरुस्कार वितरण से हुआ।